
LiFE Lifestyle for Environment


APAG


# पटना, गया एवं मुजफ्फरपुर शहर में नागरिकों द्वारा वायु प्रदूषण के विभिन्न स्रोतों से जुड़े शिकायत दर्ज करने एवं उसके निराकरण हेतु विकसित 'Clean Air Bihar' App का लोकार्पण


बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के वेबसाईट "https://bspcb.bihar.gov.in/" से ऐप को डाउनलोड करें।

Scan to Download the App










## शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया/विधि

**पंजीकरण एवं लॉग–इन**

- अपने मोबाइल नम्बर तथा ई–मेल ID के साथ OTP आधारित सत्यापन प्रक्रिया के साथ पंजीकरण करें।
- पंजीकरण के पश्चात ऐप पर अपने ID एवं पासवर्ड के साथ लॉग–इन करें।





**शहर का चयन**

- केवल पटना, गया एवं मुजफ्फरपुर शहर के लिए लागू।

**वायु प्रदूषण के स्रोत एवं संगठन/विभाग का चयन**

- ड्रॉप–डाउन मेन्यू से वायु प्रदूषण के स्रोत (Action Item) का चयन करें।
- Action Item के चयन के उपरान्त संबंधित संगठन/विभाग का चयन करें।




**क्षेत्र एवं पता का विवरण**

- संगठन/विभाग से संबंधित क्षेत्र एवं भौगोलिक इकाई का चयन करें। पता स्वतः भर दिया जाएगा, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर परिवर्तन किया जा सकता है।
- स्रोत का पता लगाने के लिए Landmark का विवरण स्टीक रूप से भरें (जैसे कि किसी मकान या दुकान का नाम इत्यादि)

**स्रोत का फोटो, विवरण एवं शिकायत दर्ज करना**

- फोटो अपलोड करें → स्रोत का विवरण भरें → सुरक्षित (Save) करें → समीक्षा (Review) करें → दर्ज करें।

---

- दिये गये प्रोफाईल सेक्शन पर क्लिक करके सभी प्रविष्ट किये हुए मुद्दों की सूची भी देखी जा सकती है।
- उसी सेक्शन से भाषा रूपान्तरण की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे शिकायतकर्ता हिन्दी अथवा अंग्रेजी में ऐप का संचालन कर सकते हैं।

### शिकायत दर्ज करने हेतु प्रक्रियाः

•वर्तमान में केवल पटना, गया एवं मुजफ्फरपुर के लिए ही शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था है। मुद्दों को दर्ज करने हेतु शिकायतकर्ता का उसी शहर में होना आवश्यक है। उदाहरण के तौर पर पटना शहर के मुद्दे को दर्ज करने के लिए शिकायतकर्ता का पटना शहर में होना आवश्यक है, किसी दूसरे शहर से पटना शहर के लिए मुद्दों को ऐप पर दर्ज नहीं किया जा सकता है।

•सही संगठन/विभाग का चयन न होने पर शिकायत गलत संगठन के पास चली जायेगी, जिससे उसके निराकरण में विलंब होने की संभावना है।

•ध्यान रखें कि फोटो इस प्रकार से ली जाए (Background के साथ), जिससे कि सही स्थल की पहचान आसानी से की जा सके।

मुद्दों की प्रगति से संबंधित सभी प्रकार की सूचना मैसेज के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी।



Scan to download this document

# बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्